स्मृतियों में विधि के लिए 'व्यवहार' का प्रयोग किया गया है। मनु के अनुसार इसका अर्थ है– झगड़ा या वाद।[1] सर्वप्रथम मनुस्मृति में 18 विषयों अथवा व्यवहार पदों के नाम गिनाएँ गए है। वे इस प्रकार हैं– ऋणादान, निक्षेप, अस्वामिविक्रय, सम्भूयसमुत्थान, दत्तस्यानपाकर्म, वेतनादान, संविद्व्यतिक्रम, क्रयविक्रयानुशय स्वामिपालविवाद, सीमाविवाद, वाक्यारूष्य, दण्डपारुष्य, स्तेय, साहस, स्त्रीपुत्रधर्म, विभाग, धूतसमाह्वय।[2] मनुस्मृति में व्यवहार सम्बंधी विस्तृत विवरण अध्याय 8 व अध्याय 9 में दिया गया है। यद्यपि याज्ञवल्क्य व नारद स्मृतियों की तरह इसमें व्यवहार प्रक्रिया का अधिक विस्तार नहीं दिखाई देता है लेकिन न्याय व्यवस्था पर मनु का विवरण बहुत रोचक और व्यवस्थित तरीके से दिया गया है।

मनुस्मृति में राजा के न्यायिक अधिकार के सम्बंध में पर्याप्त विचार सामग्री उपलब्ध है। राज्य में न्याय की समुचित व्यवस्था उसके प्रगति का द्योतक है प्रजा के स्वत्व की रक्षा करने वाले विधान संस्कृति के मापदण्ड होते हैं। मनुस्मृति के महत्व का एक कारण उसकी न्याय तथा विधि सम्बन्धी प्रगतिशील विचारधारा है।[3] मनु राजतंत्र का समर्थन करते है। चूँकि राजतंत्र शक्ति विभाजन सिद्धांत के प्रतिकूल है, अतः राजा के अन्य अधिकारों के साथ उसके पास न्यायिक अधिकार भी रहते है। राजा इस शक्ति के कारण न्याय का स्रोत है।[4] राजा के पास विधि निर्माण का अधिकार नहीं है। विधि की व्याख्य का कार्य धर्मशास्त्रों अथवा विद्वान मनीषियों के अधिकार क्षेत्र में है। फलतः राजा निर्मित विधि के माध्यम से ही न्याय करता है। परन्तु राजा, जो अदण्ड्य है, वह दण्डित न हो जाए, जो दण्ड्य हो वह मुक्त न हो जाए, इसका ध्यान रखता है।[5] इस प्रकार की यदि घटना हो जाए जो राजा के साथ मंत्री, पुरोहित अर्थात न्यायिक प्रशासन उत्तरदायी होता है और दण्ड स्वरूप प्रायश्चित करता है।[6] इसके साथ यदि राजा न्यायालय में समय पर उपस्थित न हो अथवा कार्यवाही के संचालन में किसी प्रकार की अवमानना करता है तो वह अपराधी समझा जाता है। उसकी सामान्य अवमानना से न्याय के अन्य कर्मचारियों में प्रमाद का विस्तार सम्भव है।[7] राज्य के विरूद्ध क्रांतियों न्याय व्यवस्था में सम्पूर्ण कार्यवाही के संचालन का अधिकार राजा को प्राप्त है। मनुस्मृति में 'सक्रिय–न्यायपालिका' एवं 'न्यायिक–सक्रियता' का रूप पाया जाता है।[8]

मनुस्मृति में न्यायिक प्रशासन सम्बन्धी उल्लेख से स्पष्ट है कि विभिन्न प्रकार के न्यायालयों को संगठित करने का राजा कोई विशेष प्रयास नहीं करता। इस सम्बन्ध में याज्ञवल्क्यस्मृति कुछ अधिक प्रगतिशील है। मनु ने प्रशासकीय अधिकारियों को न्याय कार्य का अधिकार सौंपा है। वे राजा द्वारा नियुक्त कर्मचारी है। प्रशासनिक अधिकारियों में सबसे नीचे की ईकाई का अधिकारी ग्रामिक है। ग्रामिक के अधिकारों में न्यायिक अधिकार भी सम्मिलित है। इसकी क्षेत्र तथा सीमा एक ग्राम तक संकुचित है। यदि ग्राम अधिकारी व्यवहारों को निश्चित करने में असमर्थता का अनुभव करता है, तब दश ग्राम के अधिपति के पास भेजा जाता है। इस प्रक्रिया में सहस्राधिपति तक निर्णय करने के लिए जाया जा सकता है। परन्तु ग्रमिक, विंशी, विंशती, शती, सहस्रपति आदि सभी राजा द्वारा नियुक्त अधिकारी हैं।[9] मनुस्मृति में यह स्पष्ट नहीं है कि ग्राम पदाधिकारी किस प्रकार के विषयों को अपने अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत रखते हैं। मनुस्मृति केवल ग्राम दोषों का उल्लेख करती है। यद्यपि ग्राम दोषों में सभी प्रकार के दोष आ जाते हैं। ऋण दान, सीमा विवाद, स्वामिपाल–विवाद आदि से लेकर सभी इसके अन्तर्गत हैं। निष्कर्ष यह है कि इन प्रशासकीय पदाधिकारियों को ग्राम की शांति एवं व्यवस्था बनाये रखने के हेतु सभी प्रकार के विषयों को ग्रहण का अधिकार है, जिनसे

* शोध छात्रा, राजनीति विज्ञान विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

प्राचीन भारत में न्यायालयों का संगठन

*अर्चना गुप्ता**

न्यायालय न्यायिक प्रशासन के अंग हैं। उनके संगठन एवं विकास के माध्यम से न्यायपालिका का स्वरूप सामने आता है। प्राचीन भारत में न्यायालयों का विकास समाज की न्यायिक एवं सामाजिक संस्थाओं से होता है। ऐसी संस्थाएं न्याय के साथ नीति एवं विधान संचालन करती थीं। वैदिक काल की न्यायिक संस्थाओं में परिषद, सभा आदि केवल न्यायालय का कार्य नहीं करती थीं अपितु वे सामाजिक एवं राजनीतिक संस्थाओं के भी रूप में थीं। राजशक्ति के विकास के साथ राजसभा के उदय होने पर उसने इन संस्थाओं का प्रभाव था। फलतः राजसभा राजा की इच्छा पर न्याय करने वाली न हो सकी। प्राचीन भारतीय शासन व्यवस्था में केन्द्रीय शासन के विकसित होने पर भी स्थानीय न्यायिक शक्तियों का महत्व कम नहीं हुआ। केन्द्र के साथ प्रशासन की दृष्टि से उनका सम्बंध जोड़ा गया लेकिन उनकी स्वतंत्रता नहीं समाप्त की गयी। वर्गीय न्यायालयों की स्वतंत्रता की सुरक्षा की गयी। उत्तरवर्ती काल के न्यायालयों के जो नियम स्वीकार किये गये उनमें विधि–सम्प्रभुता के कार्यान्वयन का ही प्रयास किया गया। राजा एवं न्यायाधीश भी उन नियमों की सीमा में ही बँधे रहे। इन तथ्यों के स्पष्टीकरण के लिए वैदिक काल से स्मृतिकाल तक की न्यायिक संस्थाओं का अध्ययन करना आवश्यक हो जाता है।[1]

ग्रामणी

वैदिक काल में ग्रामणी का महत्वपूर्ण स्थान था। प्राचीन ग्राम–संगठन, न्यूनाधिक रूप में एक नैसर्गिक विकास का प्रतिफल था न कि किसी केन्द्रिय शासन की उपज। जिस क्षेत्र में लोग सामूहिक रूप से निवास करते थे, उसे जनपद कहा जाता था। कुलों के समूह को 'गोत्र' कहते थे तथा गोत्रों के समूह का नाम 'गोष्ठी' था। कई गोष्ठियों के समूह से एक ग्राम बनता था जिसका प्रधान 'ग्रामणी' कहा जाता था। ग्रामणी का उल्लेख मनु ने भी किया है, जिसे सामग्री के रूप में अनुमोदित राशि मिलती थी। मनु तथा कौटिल्य ने 'ग्रामणी' की जगह 'ग्रामिक' शब्द का प्रयोग किया किया है। ग्रामणी न्यायिक प्रशासन में स्थानीय इकाई का प्रधान था। उसका पद चुना हुआ था और अपराध विधि में उसे अधिक अधिकार प्राप्त थे। वेदों के 'ग्रामवादिन' को मैकडॉनल और कीथ ग्राम सभा का अध्यक्ष मानते हैं।[2]

परिषद

वैदिक उदाहरणों से परिषद की एतिहासिक परम्परा पर प्रकाश पड़ता है। धर्मसूत्रों और उनके बाद परिषद का वैधानिक रूप स्पष्ट होता है। ऋग्वेद से अर्थशास्त्र तक परिषद की परम्परा के अध्ययन से उसमें न्यायपालिका सम्बंधी तथ्यों का स्पष्टीकरण होता है।[3] परिषद में राजा की उपस्थिति का उल्लेख ब्राह्मण ग्रंथो में मिलता है। उपनिषदों एवं गृहसूत्रों के समय सामाजिक परिवर्तनों का प्रभाव परिषद पर भी पड़ा। वैदिक इण्डेक्स के लेखकों का मानना है कि 'परिषद' ऐसी समिति थी जो केवल दार्शनिक विषयों पर अपना मत तथा निर्णय देती थी किन्तु परवर्ती साहित्य से यह अभिव्यक्त होता है कि धार्मिक विषयों के निर्णय के अतिरिक्त यह न्यायाधीशों के साथ सभ्यों के रूप में मत व्यक्त करती थी तथा प्रधानमंत्री या सामान्य मंत्री के सहयोगी के रूप में भी अपना मत व्यक्त करती थी।[4]

उपनिषद् काल के पश्चात् सूत्रकाल तक परिषद का स्वरूप दार्शनिक से हटकर विधि–व्याख्याता के रूप में विकसित हो गया। उसके गठन तथा सदस्यता आदि के विषय में नियम निर्धारित किये गये। गौतम के अनुसार उसमें दस सदस्यों का होना अनिवार्य है, जिसमें

*शोध छात्रा, राजनीति विज्ञान विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।

- महादेवी वर्मा की कविताओं की भाषिक संरचना 212-216
  धीरेन्द्र नाथ चाबे, शोध छात्र, हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- भारतीय नाट्य मण्डप की प्रासंगिकता 217-219
  पूजा मिश्रा, सहायक आचार्य, (तदर्थ) संस्कृत, माता सुंदरी महिला महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- प्रत्यक्ष-विचार के परिप्रेक्ष्य में बौद्ध दर्शन एवं अद्वैत वेदान्त का तुलनात्मक-अध्ययन 220-221
  अमरनाथ सिंह, दर्शन एवं धर्म विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- श्री अरविन्द-साहित्य में राष्ट्रवादी चिन्तन 222-225
  अश्वनी कुमार, शोध छात्र, दर्शन एवं धर्म विज्ञान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।
- नागार्जुन : एक दृष्टि 226-228
  सत्यवीर, शोध छात्र, हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी-221005
- महाकाव्यों में वर्णित न्याय एवं दण्ड व्यवस्था 229-233
  अर्चना गुप्ता, शोध छात्रा, राजनीति विज्ञान विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।
- प्राचीन भारत में शिल्प व उद्योग 234-239
  डॉ. अवनीश कुमार सिंह, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।
- शान्तिपर्व एवं अनुशासनपर्व में वर्णित कराधान : एक अध्ययन 240-246
  डॉ. मीनाक्षी सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रा.भा.इ. एवं सं. तथा पुरातत्व विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
  शानु आनन्द, शोध छात्र प्रा.भा.इ. एवं सं. तथा पुरातत्व विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
  पंकज कुमार, शोध छात्र प्रा.भा.इ. एवं सं. तथा पुरातत्व विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
  श्रवण कुमार यादव, शोध छात्र प्रा.भा.इ. एवं सं. तथा पुरातत्व विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- भवभूति साहित्य में चित्रकला 247-250
  डॉ. राहुल, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, पी.जी. कॉलेज गाजीपुर, गाजीपुर, उ.प्र.
- संगीत शिक्षण परम्परा का सैद्धान्तिक अध्ययन एवं क्रमिक विकास 251-253
  मनीष कुमार वर्मा, शोध छात्र, गायन विभाग, संगीत एवं मंच कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- औपनिवेशिक भारत में रेलवे का विकास 254-257
  रोहित कुमार, शोध छात्र, इतिहास विभाग, सामाजिक विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- शहरीकरण का भारतीय गाँवों पर बढ़ता प्रभाव : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन 258-262
  राजा बाबू गुप्ता, शोध छात्र, समाजशास्त्र विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।
- समकालीन भारत में बदलते जातीय समीकरण एवं अम्बेडकर के विचारों की प्रासंगिकता 263-266
  वरूण कुमार उपाध्याय, शोध छात्र, समाजशास्त्र विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

भारतीय राजनीति विज्ञान शोध पत्रिका, वर्ष-... , अंक प्रथम, जनवरी-जून, ... 2229-452X

प्राचीन भारतीय विधि की व्यावहारिकता का विश्लेषणात्मक अध्ययन

अर्चना गुप्ता

प्राचीन भारतीय न्यायविदों ने न्याय को धर्म का ही एक भाग माना है, जिसका प्रारम्भिक स्वरूप धर्मसूत्रों एवं स्मृतियों में पाया जाता है, जो दूसरे अर्थों में मानव–आचार संहिता है। धर्मशास्त्रकारों के अनुसार प्राचीन भारतीय न्याय के मूल स्रोत वेद (श्रुति), स्मृति, धर्मशास्त्रग्रंथ, सदाचार एवं परिषद् हैं। पुराण, न्याय मीमांसा पर की गई टीकाएँ भी प्राचीन भारतीय न्याय–प्रशासन पर प्रकाश डालती हैं और विधि की व्यवहारिकता को सिद्ध करती है।

वेदों में विधि के स्रोत निहित हैं। प्राचीन भारतीय न्याय प्रशासन ऋत से प्रारम्भ होता है। वैदिक काल में विधि ऋत के रूप में ही थी।[1] उसकी शक्ति सर्वोच्च थी तथा उसी के आधार पर समाज को संगठित करने का प्रयास किया गया। मानव कल्याण के सभी पदार्थ ऋत में निहित रहते हैं और ऋत द्वारा ही उनका मानव कल्याण के हित में विनियोग होता है।[2]

स्मृतियों के अध्ययन से यह स्पष्ट हो जाता है कि प्राचीन भारतीय विधि काल्पनिक नहीं थी बल्कि व्यवहार में प्रचलित थी। स्मृतियों में विधि के लिए 'व्यवहार' शब्द का प्रयोग किया गया है। मनु के अनुसार इसका अर्थ है– झगड़ा या वाद।[3] सर्वप्रथम मनुस्मृति में 18 विषयों अथवा व्यवहार पदों के नाम गिनाएँ गए हैं। वे इस प्रकार हैं– ऋणादान, निक्षेप, अस्वामिविक्रय, सम्भूयसमुत्थान, दत्तस्यानपाकर्म, वेतनादान, संविदव्यतिक्रम, क्रयविक्रयानुशय, स्वामिपालविवाद, सीमाविवाद, वाक्पारुष्य, दण्डपारुष्य, स्तेय, साहस, स्त्रीपुंधर्म, विभाग, धूतसमाह्वय।[4] मनुस्मृति में व्यवहार सम्बंधी विस्तृत विवरण अध्याय 8 व अध्याय 9 में दिया गया है। न्याय व्यवस्था पर मनु का विवरण बहुत रोचक और व्यवस्थित तरीके से दिया गया है। मनु विश्व के सर्वप्रथम विधि–प्रणेता के रूप में सर्वमान्य हैं। इतना ही नहीं इस स्मृति का प्रचार सुदूर पूर्वी द्वीपों में भी था। वर्मा का 'धम्मथट' मनुस्मृति पर ही केन्द्रित है।

मनु ने अपराध 5 प्रकार के माने हैं, यथा– वाक्पारुष्य, दण्डपारुष्य, स्तेय, स्त्री संग्रहण तथा अन्य दण्ड। अपशब्दों के प्रयोग अथवा मन में क्षोभ उत्पन्न करने वाले शब्दों को वाक्पारुष्य कहा गया है। किसी को हाथ, पैर, मुद्रा, डण्डा, कीचड़ आदि से पीड़ा पहुँचाना दण्डपारुष्य है। स्तेय का तात्पर्य चोरी से है। मनु ने चोरी के दो रूप बताए हैं प्रच्छन्न और अप्रच्छन्न चोरी अर्थात् सामने व पीठ पीछे छिपकर चोरी करने वाले। मनु का यह भी कहना है कि चोर की चोरी सिद्ध होने पर ही चोर को मृत्युदण्ड दिया जाए अन्यथा नहीं। चोर को आश्रय देने वाले को भी वध योग्य माना गया है।[5]

मनुस्मृति के अध्याय 8 के श्लोक संख्या 352 से 387 में परस्त्री व्यभिचार करने वालो के सन्दर्भ में चर्चा करते हुए राजा को यह अधिकार दिया है कि वह ऐसे लोगों का अंग–भंग करके देश से निकाल दें।[6] मनु ने अन्य अपराधों में रिश्वत लेना, यातायात में किसी को चोट मारना और उसका मर जाना, वैद्य की असावधानी से मृत्यु आदि होना, असत्य गवाही देना आदि अनगिनत अपराध गिनाए हैं। सभी के लिए दण्ड की व्यवस्था भी तदनुसार ही बताई है।

मनुस्मृति में न्याय तथा विधि सम्बन्धी प्रगतिशील विचारधारा है। मनुस्मृति में राजा प्रारम्भिक एवं अंतिम न्यायालय है। सर्वोच्च न्यायालय के रूप में राजा दण्ड देने का अन्तिम अधिकारी है। राजा की भूमिका आधुनिक सुप्रीम कोर्ट जैसा ही है।[7] इस प्रकार न्याय व्यवस्था की सम्पूर्ण

(33)

भारत में न्यायिक सक्रियता व जनहितवाद

अर्चना गुप्ता*

सारां''।

व्यक्ति एवं समाज के सहअस्तित्व के लिए निर्धारित नियम एवम् सिद्धांत ही विधि है। मुनष्य की स्वाभाविक स्वार्थपरता एवम् उच्श्रृंखलता को नियंत्रि कर सामाजिक विघटन की प्रक्रिया को रोकने के लिए न्याय एवं न्याय–प्रशासन की आवश्यकता होती है। नई परिस्थितियों से साम्य एवं गतिशीलता स्थापित कर विकास का मार्ग प्रशस्त करने में भी न्याय–प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस तरह समाज के विभिन्न घटकों में सामंजस्य स्थापित करने के लिए कानून व्यवस्था परमावश्यक है। न्याय प्रशासन का मुख्य उद्देश्य सत्य को प्रस्तुत करना तथा समाज को निर्धारित नियमों से बाँधकर रखना है। मनुष्य के लिए निर्धारित आचार संहिता का पालन सामाजिक संवृद्धि के लिए आवश्यक है। न्याय–प्रशासन समाज द्वारा स्वीकृत आचार संहित को बनाये रखने का एक सशक्त प्रयास है।
पिछले दो दशकों में भारत की न्याय व्यवस्था के स्वरूप में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। इन दशकों में न्यायपालिका का आकार, प्रक्रिया, व्यवहार, क्षेत्राधिकार और विशेष रूप से उसका लक्ष्य ही बदल गया है। वर्तमान में न्यायपालिका का लक्ष्य व्यक्तिगत न्याय के साथ सामाजिक न्याय की स्थापना करना हो गया है। आज न्यायपालिका केवल न्याय प्रदान करने का ही कार्य नहीं कर रही है वरन् एक प्रशासक, सुधारक, अनुसंधानकर्ता और नीति–निर्धारक की भूमिका भी अदा कर रही है।

पिछले दो दशकों में भारत की न्याय व्यवस्था के स्वरूप में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। इन दशकों में न्यायपालिका का आकार, प्रक्रिया, व्यवहार, क्षेत्राधिकार और विशेष रूप से उसका लक्ष्य ही बदल गया है। वर्तमान में न्यायपालिका का लक्ष्य व्यक्तिगत न्याय के साथ सामाजिक न्याय की स्थापना करना हो गया है। आज न्यायपालिका केवल न्याय प्रदान करने का ही कार्य नहीं कर रही है वरन् एक प्रशासक, सुधारक, अनुसंधानकर्ता और नीति–निर्धारक की

* शोध छात्रा, राजनीति विज्ञान विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी। Email : babyarchana0412@gmail.com

दलितों की भागीदारी। चूंकि इस सम्मेलन का कांग्रेस ने बहिष्कार किया था, इसलिए यह किसी निर्णय पर पहुँचे बिना ही समाप्त हो गया।

डा० अंबेडकर ने साप्ताहिक हरिजन के लिए यह कहते हुये संदेश देने से इनकार कर दिया कि जाति-व्यवस्था को नष्ट किया बिना अछूतों का उद्धार संभव नहीं है, जैसा कि किसान आंदोलन के मामले में हुआ था, गाँधीवादी हरिजन कार्य भी, आंशिक रूप से नीचे से अधिक संभावनापूर्ण दबावों पर वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास किया था। तमिलनाडु में ई.वी. रामास्वामी नायकर का आत्मसम्मान आंदोलन चौथे दशक के आरंभ में तेजी से फैला इसके ब्राह्मणवादी विरोधी लोकवादी शैली विकसित कर ली जो 1932 में सोवियत संघ से लौटकर नायकर ने कोयम्बटूर में स्टालिन हाल का निर्माण करवाया और पूर्व कम्युनिस्ट नेता सिंगारवेलु चेट्टियार के नास्तिकवादी एवं समाजवादी लेखन के लिए अपनी पत्रिका कुडी आरासु के द्वार खोल दिये।

डा० अंबेडकर संवैधानिक एवं कानूनी कदमों के अंग थे। आजादी से पहले के मतभेदों के बावजूद कांग्रेस ने उन्हें संविधान की मसविदा (प्रारूप) समिति का अध्यक्ष बनाया और वे नेहरू की कैबिनेट में कानून मंत्री थे। लेकिन बाद में मतभेद पैदा हो गए उन्होंने सरकार छोड़ दी और अखिल भारतीय जनजाति महासंघ का निर्माण किया। इस संगठन ने चुनाव भी लड़े लेकिन आरक्षित सीटों में वह अधिकतर कांग्रेस से हार गयी। 1956 में उन्होंने फिर से धर्मांतरण की नीति अपना ली और इसे जरूरी बताया। वह जल्द ही बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया गया। दलित राजनीति का दूसरा काल 1960 से 1980 तक का है दलित आंदोलन ब्राह्मणवाद और पूँजीवाद के लिए घातक था, दीक्षा समारोह घातक नहीं था कम से कम इस घटना से हम उन परिस्थितियों को समझ सकते है जिनसे दलित आंदोलन को गुजरना पड़ा।

संदर्भ :-

1. सुमित सरकार-*आधुनिक भारत*-पृ0-329,330.
2. रजनी पाम दत्त-*आज का भारत*-पृ0- 410,417,423.
3. विपिन चन्द्र-*आजादी के बाद का भारत*-पृ0-645,646,647.
4. प्रवीण यू स्वी-*स्कूल क्या कहता है*-पृ0-40,41.
5. *बाबूराम और कांशीराम के संघर्ष*- नीलम गुप्ता पृ0-4445.
6. चन्द्र भारती-*मंदिर में क्या रखा है* पृ0-69,70,71.
7. विनोद अग्निहोत्री-*कांशी राम और उनकी बसपा* पृ0-80,81,85.
8. राकेश कुमार-*दलित मुक्ति के सरोकार*-पृ0146,147.
9. अंशुमाली रस्तोगी-*दलितों के नाम पर* पृ0-125,126,127.
10. गोपेश्वर सिंह-*दलित आंदोलन की धार*-पृ0 103,104.
11. महावीर कपूर-*दलित राजनीति के सरोकार*-पृ0 30,31.
12. *डा० अंबेडकर कांग्रेस एंड गाँधी* पृ0-108.
13. स्टोकर्ट, *कांग्रेस एण्ड दि राज* पृ0-121,122

भारत में गठबंधन की राजनीति : लोकतंत्र के बदलते आयाम

अर्चना गुप्ता

शोध छात्रा, राजनीति विज्ञान विभाग,

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

"मिलीजुली सरकारों के गठन और जीवन तथा कार्यकरण के लिए जिस प्रतिभा और संस्कृति की आवश्यकता होती है, भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में अभी तक वस्तुतः उसका अभाव रहा है। अस्थायी मिलीजुली, सरकारों या अल्पमत सरकारों के क्रम ने राज्य के संकट में योगदान किया है, क्योंकि राज्य सरकार के साथ गुंथा हुआ है।"[1]

भारत अपनी स्वतंत्रता के लगभग 65 वर्ष पूरे कर चुका है। इन 65 वर्षों में भारतीय राजनीति और शासन व्यवस्था में कुछ ऐसे आमूल परिवर्तन हुए हैं, जिनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। विशेषकर 1967 के बाद से भारतीय राजनीति में कुछ नये मोड़ आये, जैसे देश में एकदलीय प्रभुत्व का अन्त, केन्द्र तथा राज्यों में मिश्रित सरकारों की स्थापना, संविधान में बड़ी संख्या में मूलभूत संशोधन, संसद और न्यायपालिका के बीच सर्वोच्चता की समस्या, क्षेत्रीय राजनीतिक दलों का सशक्त रूप में विकास आदि ऐसी घटनाएँ हैं, जिन्होंने भारतीय राजनीति और शासन के मूलस्वरूप को बहुत अधिक प्रभावित किया है। भारत में गठबंधन की राजनीति की शुरूआत 1967 के चतुर्थ आम चुनाव के बाद से हुई। इस चुनाव में कांग्रेस दल के राजनीतिक एकाधिकार का अन्त हो गया। इस चुनाव में केन्द्र में यद्यपि कांग्रेस दल को ही बहुमत प्राप्त हुआ, लेकिन इसे प्राप्त स्थानों में भारी कमी आयी। 1967 में जिन 16 राज्यों में विधानसभा के चुनाव हुए उनमें से आठ राज्यों में कांग्रेस सहित कोई भी राजनीतिक दल पूर्ण बहुमत पाने में असफल रहा। इस प्रकार देश के संवैधानिक इतिहास में पहली बार आठ राज्यों में मिश्रित मंत्रिमण्डल का निर्माण हुआ। वास्तविकता यह है कि मिली जुली सरकार का पूरा अनुभव 1967-71 के बीच ही हुआ। इन चार वर्षों में 32 राज्य सरकारों का निर्माण और अन्त हुआ।[2]

साधारणतया मिश्रित मंत्रिमण्डल का गठन उन देशों में होता है जहाँ अनेक छोटे-छोटे दल हों और कोई ऐसा प्रभावशाली राजनीतिक दल न हो जो, सदन में स्पष्ट बहुमत पा सके। ऑग के अनुसार, "मिलीजुली सरकार एक ऐसे सहयोग प्रबन्ध का नाम है, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्य सरकार के गठन या मंत्रिमण्डल के निर्माण के लिए एक हो जाते हैं।" मिलीजुली सरकार राजनीतिक समुदायों तथा शक्तियों का गठजोड़ है जो अस्थायी और कुछ विशिष्ट प्रयोजनों के लिए होता है। राजनीतिक दलों का यह मिलन

विचारधारा की ऐतिहासिकता भी है। वैदिक काल में राजा, राजकीय, सामाजिक संगठन एवं न्यायिक संगठनों का उल्लेख मिलता है, किन्तु राज्य नामक संस्था का उल्लेख नहीं है। सभा, समिति जैसे संगठनों, सेना, युद्ध, कृषि आदि से स्पष्ट है कि वैदिक काल में भाग राजशक्ति का उदय हो चुका था। इतना अवश्य है कि राजशक्ति का स्रोत एवं केन्द्र सामाजिक संगठन थे। उत्तर वैदिक काल में राजशक्ति का स्पष्ट विकास होता है। ब्राह्मण ग्रन्थों तथा सूत्र ग्रन्थों में राजा, मंत्री, सेनापति आदि इन तमाम घटकों का उल्लेख मिलने लगता है। इस आधार पर राज्य नामक संस्था का संगठन होता है। वस्तुतः परवर्ती युग अर्थात् अर्थशास्त्र, मनुस्मृति आदि धर्मशास्त्रों एवं महाकाव्यों में राज्य के सभी घटकों, उनके परस्पर सम्बन्ध आदि स्पष्ट रूप से मिल पाता है।

सन्दर्भ सूची:-
1. Max muller, A History of Sanskrit Literature, p.16, Beni prasad, The State in Ancient India, p.118, Allahabad, 1928
2. [illegible] मनुस्मृति में राज्य-व्यवस्था और गुप्तकाल, मेरठ, 2011
3. Aristotle, Politics (Barker trans.), p.118
4. [illegible] मनुस्मृति में राजधर्म, 1986, [illegible], पृ. 83
5. [illegible]
6. J.W. Garner, Political Science and Government, Calcutta, 1951, p.49
7. A.D. Ballard, Elements of Jurisprudence, 6th Edition, p.40
8. J.K. Bluntshli, Theory of State, Oxford, 1885, p.23
9. J.W. Burgess, Political Science and Comparative Constitutional Law, London, 1890, vol.1, p.51
10. Aristotle, Politics Translated by Benjamin, I, New York, 1943, Book I, p.61
11. Bodin, J, Quoted in Garner, Political Science and Government, op.cit., pp.47-48
12. Bentham, J.A., Fragment of Government, London, 1931, p.137
13. Willough W.W. The Nature of State, London, 1922, p.192
14. Sabine, G.H., History of Political Theory, London, 1966, p.402
15. H.J. Laski, A Grammar of Political Theory, London, 1950, p.21
16. [illegible], 1965, पृ. 396
17. N.N. Law, Aspects of Ancient Indian Polity, Calcutta, 1960, p.1
18. A.S. Altekar, State and Government in Ancient India, Delhi, 1958, p.42
19. [illegible]
20. [illegible]
21. K.N. [illegible], The [illegible] of Sovereignty and State in Indian Political Thought, Bombay, 1963, p.6
22. [illegible] 1615
23. [illegible] 1615
24. [illegible]
25. [illegible], 1974, [illegible], पृ. 61-59
26. [illegible], The State in Ancient India, Allahabad, 1928, Chapter III, pp. 202-42
27. B.A. Saletore, Ancient Indian Political Thought and Institutions, Calcutta, 1963, pp.140-47
28. K.P. Jayaswal, Hindu Polity, op.cit., pp-82, 83,84, 164-68
29. Altekar, State and Government in Ancient India, op.cit., pp. 19-30
30. U.N. Ghoshal, A History of Indian Political Ideas, 1959, p.539
31. V.P. Varma, Studies in Hindu Political Thought and its Metaphysical Foundations, B.R.S. XXXVIII, XXXIX
32. P.N. Banerjee, Public Administration in Ancient India, London, 1916, pp. 34-41
33. A.K. Sen, Studies in Hindu Political Thought, Calcutta, 1926, p. 16-48
34. R.S. Sharma, Aspect of Political Ideas and Institution in Ancient India, Delhi, 1959, Chapter III
35. [illegible]
36. [illegible]
37. [illegible]
38. W.H. Brown, Methodology of India, p. 284
39. Zimmer, Philosophy of India, p. 63
40. [illegible] 17/10
41. [illegible]
42. [illegible]
43. [illegible], पृ. 151
44. [illegible]
45. [illegible]
46. [illegible]
47. [illegible]

भारतीय राजनीति विज्ञान शोध पत्रिका, वर्ष-सप्तम, अंक: द्वितीय, जुलाई-दिसम्बर, 2015 ISSN-2229-452X

भारतीय राजनीति में न्याय का प्राचीन व वर्तमान स्वरूप

अर्चना गुप्ता

न्याय का सम्बन्ध मानव संस्कृति के साथ अनन्य रूप से जुड़ा हुआ है। मानव जैसे-जैसे युगों के साथ अपने को जोड़ते हुए विकास करता गया, वह लगभग उसी क्रम में असभ्य से सभ्य भी होता गया। वस्तुतः प्राचीन भारत में अस्तित्व में रही न्याय की परम्परा उतनी ही पुरानी है जितनी की मानवता। भारत की समृद्ध एवं उन्नत न्याय परम्परा की नींव प्राचीन काल में ही पड़ी।

न्याय का प्राचीन स्वरूप-

भारतीय विधि विश्व की प्राचीनतम जीवित योजना है। प्राचीन भारतीय विधि का मूल तत्व ऋत है। न्याय के प्राचीन स्वरूप का वर्णन निम्न बिन्दुओं के अन्तर्गत किया जा सकता है-

1. न्याय व्यवस्था धर्म से सम्बद्ध -

प्राचीन भारतीय न्याय व्यवस्था धर्म से आबद्ध थी। 'धर्म' समस्त भारतीय शास्त्रीय चिन्तन में आधारभूत संप्रत्यय रहा है। भारतीय संस्कृति में 'धर्म' का तात्पर्य कर्मकाण्डों से नहीं है बल्कि धर्म सदाचार व कर्तव्यों के पालन में निहित है इस रूप में जिसका जो भी कर्तव्य है, उसका निष्ठापूर्वक पालन ही उसके लिए धर्म कहा जा सकता है। समाज में न्याय की स्थापना तभी हो सकती है जब प्रत्येक व्यक्ति अपने निर्धारित कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करें। न्याय में ही धर्म का तत्व निहित है, जब दण्ड द्वारा अशुभ का परिहार किया जाता है तब भी धर्म की स्थापना ही लक्ष्य होता है। वस्तुतः न्याय की अवधारणा धर्म की स्थापना को ही लक्ष्य करके विकसित की गयी है। प्राचीन भारत में न्यायालयों के लिए 'धर्माधिकरण' शब्द 'धर्म सभा' जैसे शब्द प्रयुक्त होते थे, तो न्यायाधीश को 'धर्माधिकारी' कहा जाता था। न्यायाधीश के आसन को 'धर्मासन' कहा जाता था। इन तथ्यों से प्रतीत होता है कि धर्म व न्याय एक दूसरे में समाहित थे।

2. न्यायाधीशों की नियुक्ति योग्यता के आधार पर-

न्यायाधीश के गुणों का वर्णन बहुधा मिलता है। आपस्तम्बधर्मसूत्र[1] के अनुसार न्यायाधीशों में विद्वान, कुलीन, वयोवृद्ध, बुद्धिमान, चातुर्य तथा धर्म के प्रति सावधानी होनी चाहिए। नारद के अनुसार न्यायाधीश को अठारहों सम्पत्ति-विवाद सम्बन्धी कानूनों में, उनके 8000 उपभेदों, आन्वीक्षिकी वेद एवं स्मृतियों में पारंगत होना चाहिए। जिस प्रकार वैद्य शल्य चिकित्सा में पारंगत होने के कारण शल्य-प्रयोग से शरीर में घुसे लोहे के टुकड़े को निकाल देता है, उसी प्रकार कुशल न्यायाधीश को पेचीदे मामले में से धोखे को बाहर अलग निकाल देनी चाहिए। कौटिल्य[2] ने अमात्यों की नियुक्ति के लिए धर्म, अर्थ, काम एवं भय के अवसरों में प्रलोभन आदि से परीक्षा लेने की सम्मति दी है, किन्तु मंत्रियों के लिए सत्यता (ईमानदारी) एवं विश्वासपात्रता की जाँच सभी प्रकार की परीक्षाओं के सम्मिलित रूप में आवश्यक मानी है। इस प्रकार की जाँच प्रणाली को उपधा कहते हैं। नीतिवाक्यामृत[3] ने 'उपधा' की परिभाषा की है। कई प्रकार के उपायों से (गुप्तचरों द्वारा) धर्म, अर्थ, काम एवं भय के अवसरों में मनुष्यों का परीक्षण ही उपधा है।

3. न्यायिक कार्यों में पारदर्शिता व निष्पक्षता-

निष्पक्ष न्याय करना एवं अपराधी को दण्ड देना राजा के प्रमुख कार्यों में था। राजा न्याय का स्रोत माना जाता था। कौटिल्य[4] ने लिखा है कि दिन के दूसरे भाग में राजा को पौर-जनपदों (नागरिकों एवं ग्रामवासियों) के झगड़ों को निपटाना चाहिए। मनु[5] ने भी लिखा है कि लोगों के झगड़ों को निपटाने की इच्छा से राजा को ब्राह्मणों एवं मंत्रियों के साथ सभा (न्याय-भवन) में प्रवेश करना चाहिए और प्रति दिन